Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to cancel all recently conducted examination including REET in Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के बनने के बाद जितनी भर्ती परीक्षाएं हुईं, वे सभी संदेह के घेरे में हैं । हर प्रतियोगिता का पेपर आउट हुआ है । राजस्थान के विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी परीक्षा रीट परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें 16 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे ।

आदरणीय सभापति महोदय, 16 लाख विद्यार्थियों की परीक्षा करवाने के लिए राजस्थान की समस्त जनता ने अतिथि सत्कार करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी । राजस्थान की सरकार में शामिल …* के निर्देशन में रीट परीक्षा का पर्चा आउट हुआ और एस.ओ.जी. धड़ाधड़ छोटे कर्मचारियों को गिरफ्तार कर रही है जबकि रीट परीक्षा का पर्चा आउट कराने में सरकार के …* शामिल हैं, …* का समूह शामिल है ।

माननीय सभापति : आप अपनी बात रखिए ।

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर) : महोदय, कॉलेज के कुछ शिक्षकों का राजीव गांधी स्टडी सर्किल बना हुआ है । उसमें से भी कुछ लोग शामिल हैं ।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि समस्त परीक्षा निरस्त करते हुए इसकी सी.बी.आई. जांच करवाई जाए और राजस्थान में रीट परीक्षा में शामिल हुए समस्त बच्चों की फीस वापस की जाए और उन्हें हर्जाना, खर्चा और मुआवजा दिया जाए, ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके ।